## खबर संक्षेप

### वन महोत्सव सप्ताह से फैली हरियाली की चेतना

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा 3 से 9 जुलाई तक 'वन महोत्सव सप्ताह' मनाया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अपने घर, छत, आंगन और मोहल्लों में पौधे रोपित कर परिवार सहित उनकी देखभाल की शपथ ली। कार्यक्रम अधिकारी राजेश रंगा के मार्गदर्शन में यह अभियान एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अपने घर, छत, आंगन और मोहल्लों में पौधे रोपित कर परिवार सहित उनकी देखभाल की शपथ ली।

### सीआईए असंध ने पकड़ी 11,940 नशीली गोलियां

**करनाल।** क्राइम यूनिट असंध की टीम ने मलिकपुर रोड बाईपास पर नाका लगाकर प्रवीण कुमार बिंदल पुत्र ज्योति राम निवासी वार्ड नंबर 3, असंध को 11,940 लोमोटिल नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया। टीम का नेतृत्व एएसआई खेमचंद ने किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर सात दिन का रिमांड लिया गया है ताकि अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई जा सके।

### एचपीएससी में लगाया धांधली का आरोप

**करनाल।** युवा इनेलो के करनाल



जिला प्रधान मनिंद्र सिंह पुनिया ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में धांधली का आरोप लगाते हुए एचपीएससी चेयरमैन आलोक वर्मा को बर्खास्त करने की मांग की है। पुनिया ने बताया कि 32 प्रश्न बिहार पीएससी के पेपर से लिए गए हैं और हर विषय के पेपरों की सील टूटी मिली। कई उत्तर रिवाइज किए गए और कुछ प्रश्न हटाए भी गए। उन्होंने कहा कि यह सब भाजपा सरकार के संरक्षण में हुआ है और हरियाणा के युवाओं से नौकरी छीनी जा रही है। युवा इनेलो के करनाल जिला प्रधान मनिंद्र सिंह पुनिया ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में धांधली का आरोप लगाते हुए एचपीएससी चेयरमैन आलोक वर्मा को बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने एचपीएससी चेयरमैन पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पद से हटाने की मांग की।

## हादसे के लिए करनाल कर्मचारी जिम्मेदार नहीं: रंगलाल संधू

# सिंचाई विभाग कर्मियों का वेतन रोके जाने के खिलाफ धरना-प्रदर्शन जारी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने मंगलवार को सिंचाई विभाग सर्कल कार्यालय, माल रोड पर पांचवें दिन भी गेट मीटिंग की



करनाल। मांगों को लेकर धराना देते हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने मंगलवार को सिंचाई विभाग सर्कल कार्यालय, माल रोड पर पांचवें दिन भी गेट मीटिंग की। अध्यक्षता जिला प्रधान रंगलाल संधू ने की और संचालन जिला सचिव रोहताश खोखर ने किया।

रंगलाल संधू ने बताया कि विभाग के 450 कर्मचारी दो माह से वेतन से वंचित हैं। कुरुक्षेत्र में 11 वर्ष पहले हुए नहर हादसे में मुआवजा न देने पर कोर्ट ने विभाग पर 77.50 लाख का भुगतान तय किया, जिससे करनाल कर्मचारियों का वेतन रोका गया।हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने मंगलवार को सिंचाई विभाग सर्कल कार्यालय, माल रोड पर पांचवें दिन भी गेट मीटिंग की।

धरने में जगपाल राणा (सीटू जिला सचिव), भाग सिंह (ब्लॉक प्रधान), रमेश कुमार (कैशियर), रमेश पाल, दलेल सिंह, रामप्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश, जयपाल, संजय कुमार व सेवाराम बड़सर (जिला सचिव) शामिल रहे।

वेतन बहाली को लेकर जेई जितेंद्र, जेई विवेक, ड्राइवर दिनेश, सुरेश शर्मा (प्रधान) व बलराज पटवारी ने चंडीगढ़ में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात की। मंत्री ने तत्काल रिपोर्ट तलब कर एक सप्ताह में वेतन दिलवाने का आश्वासन दिया।



करनाल। सर्व कर्मचारी संघ की करनाल जिला इकाई में मौजूद कर्मचारी।

## सर्व कर्मचारी संघ की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर तैयारियां पूरी

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ की करनाल जिला इकाई ने बुधवार को होने वाली देशव्यापी हड़ताल की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

जिला प्रधान सुशील गुर्जर और जिला सचिव सेवाराम की अगुवाई में कर्मचारी नेताओं ने आईटीआई, कृषि विभाग, बीडीओ कार्यालय, रेडक्रॉस, रोडवेज, पब्लिक हेल्थ और सिंचाई विभाग का दौरा कर समर्थन जुटाया। उन्होंने मांग की कि मजदूर विरोधी लेबर कोड रद्द किए जाएं, ठेका प्रथा व निजीकरण बंद हो, कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए और कौशल रोजगार निगम से हटाए गए कर्मचारियों को वापस लिया जाए।

इस अवसर पर ओमप्रकाश सिहमार, रोशन लाल, भाग सिंह, रमेश व राज कुमार भी मौजूद रहे।



करनाल। गोल्ड मिडकॉन महोत्सव 2025 में भाग लेते समाज सेवी।

### जेसीआई करनाल गोल्ड को मिला 7 स्टार सम्मान

**करनाल।** जेसीआई करनाल गोल्ड द्वारा आयोजित भव्य गोल्ड मिडकॉन महोत्सव 2025 में ज़ोन 10 के क्षेत्र ए, बी, सी के विभिन्न चैप्टर्स के प्रेसिडेंट्स और सदस्य पहुंचे। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण मुख्य अतिथि रहे, जबकि ओपीएस ज्वैलर्स के तरुण बंसल व समाजसेवी बॉबी गोयल गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। इस अवसर पर जेसीआई करनाल गोल्ड को समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए /"7 स्टार संस्था/" का सम्मान मिला। कार्यक्रम में संजीव तायल, प्रमोद बंसल, रविनंदन गर्ग, अजीत बंसल, मुनीष बंसल, हरीश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, अनीश गुप्ता, गौरव मित्तल, विश्वास भुटानी, राहुल गर्ग, दुर्गेश गुप्ता और मनोज अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डीसी ने दिए राजस्व मामलों के त्वरित निपटान के निर्देश




**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने लघु सचिवालय में राजस्व विभाग की बैठक लेकर लंबित जमाबंदी, इंतकाल, कोर्ट केस व रिकवरी मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 82 गांवों की जमाबंदियां 31 जुलाई तक अपडेट की जाएं ताकि खरीफ गिरदावरी प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। डीआरओ मनीष यादव ने बताया कि अब तक 74 गांवों की ऑनलाइन जमाबंदी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिले की 8 तहसीलों में 7726 इंतकाल लंबित हैं, जिन पर कार्यवाही चल रही है। बैठक में एसडीएम अनुभव मेहता, अशोक मुंजाल, राहुल, अशोक कुमार, राजेश सोनी सहित सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री मे डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को हो रही दिक्कत

- इंद्री नागरिक अस्पताल के साथ-साथ इन पीएचसी में भी डॉक्टरों की कमी बीमार लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री मे इलाज करवाने आए मरीजों को डॉक्टरों की कमी के चलते इलाज करवाने भारी परेशानी सामना करना पड रहा है । हालात ऐसे है कि मे इंद्री क्षेत्र के सौ के करीब गांवों के लोगो को स्वास्थ्य सुविधाएं देने वाला उपमंडल नागरिक अस्पताल डॉक्टरों की कमी व कई अन्य सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है । इंद्री नागरिक अस्पताल के अधीन भादसों, खुखनी व ब्याना पीएचसी आती है । इंद्री




इंद्री। उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल के साथ-साथ इन पीएचसी में भी डॉक्टरों की कमी बीमार लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है । मरीजों का कहना है कि अस्पताल मे इलाज करवाने के लिए उन्हे घंटो इंतजार करना पडता है । गौरतलब है कि इंद्री सीएससी में डॉक्टरों के कई पद खाली हैं । इंद्री सीएचसी में डॉक्टरों के कुल 11 पद हैं जिनमें मात्र तीन डॉक्टर ही काम कर रहे हैं । तीन डॉक्टर इमरजेंसी से लेकर करीब 400 लोगों का प्रतिदिन इलाज करते है । दूसरी ओर पीएचसी भादसों में दो पोस्टों होने के बावजूद एक डॉक्टर ही है , जबकि ब्याना व खुखनी में कोई भी स्थाई डॉक्टर नहीं है जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों को इलाज करवाने मे परेशानी का सामना करना पड रहा है । क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एक ओर प्रदेश सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के दावे कर रही हैं तो दूसरी ओर इंद्री नागरिक अस्पताल में बना ऑक्सीजन प्लांट ,एक्स-रे मशीन बंद पड़ी धूल फांक रही है । इस मामले मे एसएमओ डा.संदीप अबरोल ने बताया कि इंद्री हस्पताल में कुल 11 डाक्टर्स की पोस्ट है लेकिन इस समय यहां केवल तीन डाक्टर्स ही काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि सीएमओं व विधायक को मामले से अवगत करवा दिया गया है । उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई भर्ती होती है तो यहां पर चिकित्सक उपलब्ध करवा दिए जाएगें।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में पेंशन विधेयक का विरोध

- बलराज सिंह, कृपाल सिंह व रमेश कुमार ने दी आंदोलन की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक कुंजपुरा की बैठक पाल गडरिया धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान रमेश कुमार ने की, संचालन खंड सचिव इंद्रपाल सिंह ने किया।

बैठक में राज्य सचिव कृपाल सिंह, जिला प्रधान मास्टर बलराज सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रावत, जिला ऑडिटर राजपाल सिंह, सुंदर लाल आदि ने संबोधित किया। बलराज सिंह ने बताया कि 15 जुलाई को करनाल के फव्वारा पार्क में जिला स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन की सफलता के लिए रंदोली, डबकोली, चौरा खालसा, मोदीपुर, रिंडल, जयरामपुर, कमालपुर रोडान आदि गांवों में रमेश कुमार, प्रेम चंद वर्मा, सेवा राम, हरीकिशन, सुभाष चंद्र सहित कई कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने केंद्र सरकार के पेंशन विधेयक को कर्मचारी विरोधी बताया और कहा कि 31 दिसंबर 2025 तक रिटायर होने वाले लाखों कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग से वंचित किया जा रहा है। इसके खिलाफ बड़ा संघर्ष किया जाएगा।



करनाल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक कुंजपुरा की बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

# नमस्ते चौक व मीरा घाटी चौक पर लगा यातायात जागरूकता शिविर

- आमजन को 12 जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के नेतृत्व में मंगलवार को नमस्ते चौक और मीरा घाटी चौक पर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।

यह शिविर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में 'रोड रूल्स, लाइफ टूल्स' अभियान के तहत लगाया गया। कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलंटियर पूजा व अज्ञा पाल ने ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर रोशन लाल व एसआई सुरेंद्र कुमार की टीम के साथ चालान ड्राइव चलाई। साथ ही आमजन को 12 जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी देते हुए लंबित मुकदमों व ट्रैफिक चालानों का निपटारा कराने हेतु प्रेरित किया।



करनाल। यातायात शिविर में बाइक सवारों को जागरूक करते पुलिसकर्मी।

### बड़ागांव में दो पक्षों के झगड़े में चले हथियार

**करनाल।** करनाल के बड़ागांव में रविवार को हुए दो पक्षों के झगड़े का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिससे घटना की गंभीरता और संगठित हमले की पुष्टि होती है। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि दोनों पक्षों के करीब 20-25 युवक कारों में सवार होकर आए थे और उनके हाथों में लाठी, डंडे व गंडासियां थीं।

घटना उस समय शुरू हुई जब एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार से कुछ युवक उतरे और अचानक दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। युवक लाठी-डंडों से लैस थे। अफरातफरी के दौरान कई लोग कार में छिप गए जबकि कुछ वहां से फरार हो गए।

इसी बीच एक युवक सामने आया और पिस्टल से लगातार तीन फायर कर दिए। यह पूरा दृश्य सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया है।

# बारात की बस पर बाइक सवार युवकों ने किया हमला, शीशे तोड़े

- हमलावरों ने पांच बरातियों को किया घायल, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मेरठ रोड पर सोमवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शादी कर लौट रही एक बरात की बस पर बाइक सवार युवकों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने बस पर पत्थर बरसाकर उसके शीशे तोड़ दिए और बस में सवार बरातियों पर हमला कर पांच लोगों को घायल कर दिया। हमला इतना अचानक था कि बस में अफरा-तफरी मच गई।

घटना के बाद बरातियों ने साहस दिखाते हुए दो हमलावरों को मौके पर ही पकड़ लिया और तत्काल सूचना पुलिस को दी। इसके बाद दूल्हा-दुल्हन समेत सभी लोग सेक्टर-4 पुलिस चौकी पहुंचे और पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने की मांग की। आरोप है कि मेरठ रोड पर ही युवकों ने बस को रोककर उस पर पथराव कर दिया, जिससे बस के शीशे टूट गए और हमला कर पांच बरातियों को घायल कर दिया। एक युवक ने पवन कुमार के भाई से सोने की चेन और 50 हजार रुपये भी छीन लिए। जांच अधिकारी बलवान सिंह ने बताया कि बस चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### उत्तर प्रदेश के मेरठ में गई थी बारात

घायल बरातियों में पवन कुमार के परिजन भी शामिल हैं, जो करनाल के भोला खालसा गांव निवासी हैं। पवन कुमार की बारात उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में गई थी। शादी सम्पन्न होने के बाद एक बस में बरातियों को गांव के लिए रवाना कर दिया गया था। जब बस मेरठ रोड पर स्थित शराब ठेके के पास पहुंची तो कुछ बराती लघुशंका के लिए नीचे उतरे। इसी दौरान कुछ स्थानीय युवकों से उनकी कहासुनी हो गई। हालांकि झगड़े से बचते हुए बस आगे बढ़ गई, लेकिन वही युवक बाइक पर सवार होकर बस का पीछा करने लगे। इनमें से एक बाइक बिना नंबर की थी।

### छात्राओं को मासिक धर्म की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गर्ल अप ओसिस की टीम ने छात्रों को मासिक धर्म के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म क्या है ? यह हर लड़की के लिए क्यों आवश्यक है। उन्होंने कहा जब लड़कियां बड़ी होती है तो उनके शरीर में कुछ परिवर्तन होते हैं। 9 वर्ष से 16 वर्ष तक की आयु में शरीर में होने वाले परिवर्तन के बारे में विस्तृत रूप से समझाया। शरीर के बढ़ने के लिए पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है इसलिए हमें संतुलित आहार लेना चाहिए। मासिक धर्म का नियमित रहना यह दर्शाता है कि हमारा शरीर स्वस्थ है। मासिक धर्म के दौरान अगर पेट में दर्द रहता है तो हमें सूक्ष्म व्यायाम करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी लड़कियों को मासिक धर्म की किट अपने साथ रखना चाहिए। सेनेटरी नैपकिन किस प्रकार इस्तेमाल करें उसके बारे में भी समझाया।

### कर्ण लेक के समीप नहर में युवक ने कूदकर दी जान

**करनाल।** कर्ण लेक के समीप नहर में सोमवार सुबह एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 40 वर्षीय राजीव, निवासी अल्फा सिटी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार राजीव मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

सदर थाना पुलिस जांच अधिकारी यशपाल ने बताया कि राजीव तीन भाइयों में सबसे छोटा था और तीनों अविवाहित थे। राजीव पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। सोमवार को वह बाइक पर सवार होकर कर्ण लेक के पास पहुंचा और नहर में छलांग लगा दी। उसी समय जीटी रोड पर काम कर रहे कुछ मजदूरों की नजर उस पर पड़ी और उन्होंने उसे नहर से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और उसके स्वजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच जारी है।

# बारिश के मौसम में रखें सफाई का विशेष ध्यान

- सभी व्यक्ति पानी की टंकियों को समय-समय पर अच्छी तरह साफ करके पूरी तरह ढक कर रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने आसपास व घरों के अन्दर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि गर्मी व बारिश के मौसम में मक्खी-मच्छर पनपते हैं जिन्हें रोकने के लिए साफ सफाई का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि मलेरिया फैलाने वाले मच्छर रुके हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं, जबकि डेंगू फैलाने वाले मच्छर साफ पानी में पैदा होते हैं। सभी व्यक्ति पानी की टंकियों को समय-समय पर अच्छी तरह साफ करके पूरी तरह ढक कर रखें। उन्होंने बताया कि डेंगू व मलेरिया के लक्षण एवं बचाव के बारे में जानकारी होना जरूरी है। नागरिक घरों में पानी की टंकी को साफ रखें। कूलर, फ्रिज की ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ में मच्छर न पनपने दें, इसके लिए नियमित रूप से सफाई करते रहें। उन्होंने बताया कि डेंगू का मच्छर दिन के समय में काटता है और यह स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव होना डेंगू के लक्षण हैं। इस के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल नागरिक अस्पताल जाएं और इलाज करवाएं। एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने आसपास व घरों के अन्दर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि गर्मी व बारिश के मौसम में मक्खी-मच्छर पनपते हउन्होंने बताया कि मक्खी मच्छर को पनपने से रोकने के लिए एकमात्र उपाय केवल साफ-सफाई ही है।

## नगर निगम, मार्केट एसोसिएशन व फड़ी विक्रेताओं के बीच हुई वार्ता

# दुकानदारों ने अतिक्रमण न करने पर जताई सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कर्ण गेट मार्केट को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम कार्यालय के सभागार में निगम अधिकारियों, मार्केट एसोसिएशन तथा फड़ी संचालकों के बीच एक अहम बैठक में स्वस्थ संवाद हुआ। बैठक की अध्यक्षता महापौर रेनू बाला गुप्ता ने की। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, वार्ड 8 के पार्षद संकल्प भंडारी, सफाई शाखा के अधिकारी तथा विभिन्न दुकानदार व फड़ी विक्रेता मौजूद रहे।

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने दुकानदारों व फड़ी संचालकों से कहा कि बाजार आपका है, इसकी व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी भी आपकी है। आप स्वयं बाजार को व्यवस्थित करके दिखाएं, उसके हिसाब से नए सिरे से पीली पट्टी लगाने जैसे निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे किसी का कार्य भी प्रभावित नहीं होगा और बाजार भी व्यवस्थित तरीके से बना रहेगा। इससे नागरिकों को भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि दुकानदार व फड़ी विक्रेता बाजार को मॉडल के तौर पर बनाकर दिखाएं।

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि ट्रायल बेस पर मार्केट एसोसिएशन व फड़ी संचालक शुक्रवार तक बाजार में सही तरीके से व्यवस्था बना लें। उन्होंने कहा कि पीली पट्टी का गैप ज्यादा है, इसे कम किया जाना है। शनिवार को नगर निगम की टीम मार्केट का दौरा कर अध्ययन करेगी, उसके पश्चात आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम की टीमें बाजारों को निरंतर दौरा करेंगी। अगर कोई व्यक्ति अतिक्रमण करते पाया गया, तो उसका चालान करने के साथ-साथ सामान को भी जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई फड़ी विक्रेता अतिक्रमण करते पाया जाता है तो पहली बार उल्लंघना करने पर 1000 रुपये, दूसरी बार 2000 रुपये और तीसरी बार उल्लंघना करने पर 5000 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त दुकानदार का भी उपरोक्त राशि का दोगुणा चालान काटा जाएगा। उन्होंने मार्केट एसोसिएशन से यह भी अनुरोध किया कि वह रविवार को बाजार बंद रखें, ताकि नगर निगम को साफ-सफाई व विभिन्न मरम्मत इत्यादि कार्य करवाने के लिए समय मिल सके। इसे देखते सप्ताह में एक दिन बाजार बंद रखा जाना उचित होगा।



करनाल। निगम की बैठक में मौजूद मेयर व दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### मेयर के सामने दुकानदारों ने यह रखा प्रस्ताव

बैठक में मौजूद वार्ड 8 के पार्षद व कर्ण गेट मार्केट एसोसिएशन के प्रधान संकल्प भंडारी ने प्रस्ताव रखा कि दुकान के शटर से 5 फुट आगे तक फड़ी लगाने की छूट दी जाए। इस पर महापौर ने कहा कि फिलहाल दुकानदार व फड़ी विक्रेता स्वयं बाजार को सही तरीके से व्यवस्थित करके दिखाएं। इसके पश्चात आगामी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम बाजारों को सुंदर व व्यवस्थित बनाएगा। इसके लिए सभी दुकानदार व फड़ी संचालकों को नगर निगम का सहयोग करना चाहिए। अन्य जिलों से आने वाले फड़ी विक्रेताओं को भी बाजार में न आने दिया जाए। इस पर बैठक में मौजूद तमाम दुकानदारों व फड़ी संचालकों ने कहा कि हम नगर निगम के साथ हैं। अब से कोई भी सडक़ पर अतिक्रमण नहीं करेगा।

## खबर संक्षेप

### सहकारी समिति के ऑफिस में चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखु स्थित कोऑपरेटिव सोसाइटी में चोरों ने सेंध लगाकर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। सोसाइटी के प्रबंधक गुलाब सिंह ने बताया कि चोर, दो कंप्यूटर सिस्टम, एक लैपटॉप, 48 इंच की एलईडी, पांच बैटरी, दो इनवर्टर और शादी का सामान चोरी कर ले गए। इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेत से कृषि यंत्र चोरी

इसराना। पानीपत के गांव कारद के किसान राजवीर सिंह के खेत में ट्रैक्टर की एरो कल्टीवेटर और अन्य सामान चोरों ने चोरी कर लिया। राजवीर की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोर्ट के आदेश पर लूट का मामला दर्ज

**इसराना।** थाना मतलौड़ा क्षेत्र के गांव अहर के बस अड्डे पर हुई लूट के मामले में 13 महीने बाद केस दर्ज हुआ है। पीड़ित दुकानदार कीमती लाल की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर थाना मतलौड़ा में मामला दर्ज किया गया है। घटना 9 जून सन-2024 की है। दुकान के मालिक कीमती लाल का आरोप है कि घटना वाले दिन कई लोगों ने दुकान का शटर उखाड़कर अंदर घुस गए। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और दुकान में रखे सामान की तोड़फोड़ करने के बाद उनके हाथ से डेढ़ लाख रुपए छीनकर फरार हो गए थे।

युवती लापता, केस दर्ज

इसराना। मतलौडा क्षेत्र में स्थित पुलिस चौकी थर्मल के गांव आसन खुर्द से 20 वर्षीय युवती अपने घर से लापता हो गई। परिजनों ने युवती की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, पिता की शिकायत पर मतलौडा थाना पुलिस ने लड़की की गुमशुदी का केस दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### साढू पर फायरिंग का आरोप, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव पत्थरगढ निवासी शकीर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके साढू जुनैद निवासी गांव तितरवाडा जिला शामली, उत्तर प्रदेश ने अपने साथियों के साथ उसके घर पर आकर मारपीट की और फायरिंग की। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस की जांच में पता चला है कि जुनैद अपराधिक प्रवृत्त का है उसके खिलाफ क्राइम केस दर्ज है।

### बच्चों को गोद लेने की अपील

**पानीपत।** पानीपत जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता ने बताया कि जे.जे. एक्ट 2015 सैक्शन 44 के अनुसार फोस्टर केयर स्कीम है। जिसके अंतर्गत बाल देख-रेख केन्द्रों में रह रहे 6 से 18 साल तक के चाईल्ड नीड केयर एण्ड प्रोटैक्शन (सीएनसीपी) बच्चों को बाल कल्याण समिति द्वारा जे.जे. एक्ट नियमानुसार निर्धारित समय तक फोस्टर केयर फैमिली में अस्थायी तौर पर उनके पालन पोषण हेतु किया जा सकता है। वहीं अगर कोई दम्पत्ति/परिसार फोस्टर केयर पेरेंटस बनने का इच्छुक है तो वह जिला सचिवालय स्थित जिला बाल संरक्षण कार्यालय में सम्पर्क कर सकता है।

### फसल अवशेष प्रबन्धन पर मिलेगा अनुदान

**पानीपत।** कृषि विभाग के उप निदेशक डा आत्मा राम ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये फसल अवशेष प्रबन्धन की कडी में फसल अवशेष सप्लाई चेन योजना के तहत आवेदन करने के लिये पोर्टल खोल दिया गया है। इसके लिये इच्छुक कोई भी बायोमास इंडस्ट्रीज, एफपीओ, किसान समूह व व्यक्तिगत किसान ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

### नशा मुक्त पानीपत बनाएं

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत 2047' अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एक अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन - मानस - 1933 की शुरुआत की गई है।

---

पर्यावरण घना होने से प्रदूषण खत्म होगा : हरपाल ढांडा

# दयाल सिंह स्कूल में पौधे लगा पर्यावरण को घना करने का अभियान शुरू किया

कार्यक्रम में उपस्थित टीचर्स व स्टूडेंट्स ने रोपे गए पौधों की जवान होने तक देखभाल करने का आश्वासन दिया गया





**पानीपत।** दयाल सिंह स्कूल में पोस्टर के माध्यम से नशे के विरूद्ध संदेश देते हुए विद्यार्थी। व पर्यावरण को घना करने का संदेश देते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में पर्यावरण दिवस व नशा मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

स्कूल परिसर में कार्यक्रम में अतिथिगण समाजसेवी हरपाल ढ़ांडा, डीएसपी सतीश वत्सए समाज सेविका सविता आर्य, संजय कुमार तोमर, अमित वर्मा, हरीश अरोड़ा, सुरेश गुम्बर, प्राचार्या डॉ विनिता तोमर आदि ने पौधे रोपे। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित टीचर्स व स्टूडेंट्स ने रोपे गए पौधों की जवान होने तक देखभाल करने का आश्वासन दिया गया। प्राचार्या डॉ विनीता कुमार तोमर ने अतिथियों को पौधे भेंट कर उनका स्वागत किया। जबकि विद्यार्थिरूों ने अतिथियों के स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इधर, अतिथि हरपाल ढांडा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान हमारी मां और धरती मां के प्रति श्रद्धा भाव को प्रकट करता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों द्वारा विद्यालय घर आंगन या किसी भी स्थान पर पौधे लगाकर पर्यावरण को हराभरा और स्वस्थ बनाना है। पौधारोपण के माध्यम से हम न केवल अपने पर्यावरण को बचाते है। प्रायार्या डॉ विनीता तोमर ने कहा कि घना पर्यावरण हमें शुद्ध हवा फल फूल और छाया प्रदान करते है।

---



**पानीपत।** केंद्रीय मंत्री के पानीपत प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने जन्मदिन की बधाई देते हुए समाजसेवी संजय तोमर, हरीश अरोडा, अमित वर्मा।

# भाजपा सरकार हर वर्ग की सच्ची हितैषी: गजेंद्र सलूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

■ सबका साथ, सबका विश्वास नारे को कर रही सार्थम

करनाल पानीपत लोकसभा से सांसद व केंद्रीय शहरी विकास व उर्जा मंत्री मनोहर लाल के पानीपत जिला के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने दावा किया कि भाजपा सरकार जहां हर वर्ग की हितैषी है, वहीं बिना किसी भेदभाव के जनता की समान रूप से सेवा कर रही है। जबकि कांग्रेस आदि दलों की सरकारों ने अपनी सत्ता के दौरान राजसुख भोगा और जनता का वोट बैंक के रूप में प्रयोग किया।

जबकि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास के नारे को प्रबल करते हुए हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया। सलूजा, मंगलवार को अपने जन्मदिन पर बधाई देने वाले लोगों को संबोधित कर रहे थे। इधर, दिन भर गजेंद्र को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

इस अवसर पर समाजसेवी संजय तोमर, हरीश अरोडा, अमित वर्मा आदि ने भी गजेंद्र को जन्मदिन की बधाई दी।

---

# निर्धनों की सेवा करना पुण्य कार्य: विज

■ आदर्श एक विश्वास सोसाइटी ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करवाया, विधायक प्रमोद विज ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

आदर्श एक विश्वास सोसाइटी द्वारा आठ मरला स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में 74 वां मेडिकल कैंप व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इधर, कैंप का शुभारंभ पानीपत शहरी से विधायक प्रमोद विज व नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने करते हुए कहा कि आदर्श एक विश्वास सोसाइटी जरूरमंद लोगों की सेवा करने में अग्रणी समाजसेवी संस्था, वहीं हर सल आदर्श एक विश्वास सोसाइटी अपनी समाज सेवा को विस्तार दे रही है। इधर, कैंप में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ ओम प्रकाश, चमडी रोग विशेषज्ञ डॉ संचित गोयल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ पुलकित गोयल दंत रोग, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ पारस सहगल, ओपीटी जतीन अरोड़ा ने 337 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा और उन्हें दवाइयां दी गई।



**पानीपत।** आदर्श एक विश्वास के कैंप में बुजुर्ग की मेडिकल जांच करते हुए डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

कैंप में नागरिकों को निशुल्क चश्में भेंट किए व एन.सहगल लैब से नरेश सहगल ने नागरिकों के खून की जांच की । जबकि आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल, गौरव तागरा आदि ने विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, डॉ ओम प्रकाश, डॉ संचित गोयल, डॉ पुलकित गोयल, डॉ पारस सहगल, जतीन अरोड़ा को स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया। कैंप को सफल बनाने में अनिल चराया, हर्ष सहगल, डॉ साहिल, डॉ पप्पू आदि ने सहयोग किया।

---

# दलजीत कुमार को इंटरनेशनल बेस्ट एनवायर्नमेंटलिस्ट अवार्ड मिला



**पानीपत।** ग्रीनमैन प्रो . दलजीत अपने साथियों को इंटरनेशनल बेस्ट एनवायर्नमेंटलिस्ट अवार्ड दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

देशभर में ग्रीनमैन के नाम से पहचान बना चुके दलजीत कुमार देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत है। अपनी इतिहास विषय की प्रांसगिकता को चरितार्थ करते हुए जनसाधारण को इतिहास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की निस्वार्थ सीख दे रहे है। ग्रीनमैन प्रो दलजीत को विश्व पर्यावरण दिवस पर सिध्वी फाउंडेशन तेलंगाना व ग्लोबथिक साउथ एशियन सेंटर जेनेवा, स्विट्जरलैंड द्वारा दो दिवसीय पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजन ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में बेस्ट एनवायर्नमेंटलिस्ट अवार्ड -2025 प्रदान किया गया जिसकी आज ऑनलाइन माध्यम से ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्राप्त हुए। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र जागलान ने प्रो. दलजीत की सरहाना की।

---



माता सीता रानी सेवा संस्था के पदाधिकारीगण समाजसेवी ओम प्रकाश माटा को सम्मानित करते हुए।

# समाजसेवी ओपी माटा को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

माता सीता रानी सेवा संस्था ने प्रसिद्ध उद्यमी, समाजसेवी एवं हाली अपना स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष ओम प्रकाश माटा को उनके सामाजिक कार्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के लिए सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष कृष्णा कान्ता और महासचिव पूजा सैनी ने माटा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक राम मोहन राय भी उपस्थित रहे। प्रशस्ति पत्र में रमेश माटा के सामाजिक कार्यों, विशेष रूप से शिक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में उनके प्रयासों की प्रशंसा की गई।

### एकता पुरस्कार को आवेदन मांगें

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देने के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025 के लिए गृह मंत्रालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आगामी 31 जुलाई तक अवार्ड पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

---

# शामलात भूमि पर बने अवैध मकान होंगे वैधः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा उन ग्रामीण परिवारों को बड़ी राहत दी है जिन्होंने 31 मार्च 2004 से पहले शामलात देह की गैर कृषि भूमि पर मकान या मकान का हिस्सा बनाया हुआ है। अब ऐसे निर्माणों को कानूनी दर्जा देने की प्रक्रिया अधिसूचित कर दी गई है। यह निर्णय हरियाणा अधिनियम संख्या 19, 2024 तथा हरियाणा अधिनियम संख्या 5, 2025 के माध्यम से लागू किया गया है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि मुख्य बिंदु हरियाणा अधिनियम संख्या 19, 2024 (12 दिसंबर 2024) के अनुसार पंजाब ग्राम शामलात अधिनियम 191 की धारा 5 ए में नया उपखंड (1ए)जोड़ा गया है। जिसमें यह प्रावधान किया गया कि पंचायतें 31 मार्च 2004 से पहले बने घरों को अधिकतम 500 वर्ग गज (निर्माण 25 प्रतिशत खुला हिस्सा) तक की शामलात भूमि को बाजार दर पर राज्य सरकार की अनुमति से बेच सकती हैं। यह भूमि किसी जलाशय, तालाब, रेवेन्यू रास्ते या सार्वजनिक उपयोग की भूमि नहीं होनी चाहिए।

### पंचायत निदेशक को मिला अनुमति देने का अधिकार

डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि हरियाणा अधिनियम संख्या 5ए 2025 (1 अप्रैल 2025) के तहत उक्त धारा में दो अहम बदलाव किए गए। राज्य सरकार की जगह अब विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक को अनुमति प्रदान करने का अधिकार होगा। बाजार दर की अनिवार्यता हटाकर निर्धारित दर (प्रेसक्राइब्ड रेट)का प्रावधान जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि 17 जनवरी 2025 को अधिसूचित संशोधित नियमों के अनुसारए इच्छुक व्यक्ति पंचायत को निर्धारित प्रारूप में इन नियमों के प्रकाशन की तिथि से 12 मास के अन्दर जिला कलेक्टर को आवेदन कर सकेंगे। भूमि की बाजार दर 31 मार्च 2004 को प्रचलित कलेक्टर रेट के डेढ़ गुना बराबर होगी।

### 2004 से पहले के पक्के कब्जे के देने होंगे सबूत

डीडीपीओ नरेंद्र सिंह ने बताया कि नाजायज कब्जाधारी को ग्राम पंचायत को आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ वर्ष 2004 से पूर्व कब्जा वाले मकान का सबूत जैसे बिजली का बिल पानी कनैक्सन, निशानदेही रिपोर्ट, नक्सा, जमाबन्दी, मकान के फोटोग्राफ, आधार कार्ड आदि लगाए जाने जरुरी हैं। पंचायत व ग्राम सभा द्वारा नियमानुसार प्रस्ताव पारित किया जाएगा। ग्राम सचिव द्वारा आवश्यक दस्तावेजों सहित केस खंड अधिकारी को भेजा जाएगा। खंड विकास एवं पचायत अधिकारी द्वारा आवश्यक दस्तावेज व 2004 के कलेक्टर रेट सहित अपनी सिफारिश उपायुक्त को प्रेषित की जाएगी। इसके बाद उपायुक्त द्वारा मामले को निदेशक विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा को भिजवाया जाएगा। इसके बाद निदेशक विकास एंव पंचायत विभाग हरियाणा द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस दौरान सेल डीड स्टांप ड्यूटी व अन्य चार्ज निवेदनकर्ता द्वारा वहन किए जाएंगे।

---

# खेल महाकुंभ की तैयारियों में जुटा पानीपत प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

■ पानीपत के शिवाजी स्टेडियम व आर्य कॉलेज में 23 से 25 जुलाई को आयोजित होगा प्रदेश स्तरीय खेल महाकुंभ

हरियाणा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 को सफल एवं यादगार बनाने को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिम्मेदारियां सौंपी और आयोजन से संबंधी कमेटी का गठन एसडीएम की अध्यक्षता में करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने एसडीएम को संभावित डेस्टिनेशन का दौरा करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खिलाडिय़ों के लिए ठहरने व भोजन की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरते। खेल कुंभ का आयोजन 23 जुलाई से 25 जुलाई को होगा। उपायुक्त ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय पाल मलिक को चार एम्बुलेंस डेस्टिनेशन पर तैनात करने की जिम्मेदारी सौंपी है। कानूनी व्यवस्था के लिए डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीसी ने बताया कि इस आयोजन में विभिन्न जिलों के 1104 खिलाड़ी भाग लेंगे। डीसी ने बताया कि खेल महाकुंभ में ऑफिशियल के लिए ठहरने व खाने की अलग से व्यवस्था की जाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए डीएसपी, सीएमओ, डीईओ, डीआईपीआरओ, कार्यकारी अधिकारी नगर निगम की कमेटी का गठन कर उन्हें जिम्मेदारियां भी सौंपी।

---

जागरूकता कार्यक्रम

अपने अंदर छिपी हुई अच्छाइयों को पहचानना होगा

# नशा जीवन में मजा नहीं बल्कि सजा दिलाने वाला गुप्त शत्रु : बीके मोनिका

■ जलालपुर प्रथम के सत्यम पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम के सत्यम पब्लिक स्कूल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बापौली शाखा द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम में बीके मोनिका ने बताया कि नशा नशा जीवन में मजा नहीं बल्कि सजा दिलाने वाला वह गुप्त शत्रु है, जिसे आज का मानव अपना दोस्त समझ रहा है। यदि इस समाज को ऐसे शत्रु से बचाना है तो मनुष्य के अंदर छिपी हुई अच्छाइयों को उसे पहचानना होगा, जिसमें राजयोग अति कारगर सिद्ध हुआ है। किसी ने इसे अपने जीवन में धारण किया वह मनुष्य दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन जाता है और समाज के उत्थान में एक अहम भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने आगे राजयोग के कुछ कारगर टिप्स देते हुए सभी को अपने जीवन में इसे अवश्य ही धारण करने का मार्ग प्रदर्शित किया। इस अवसर पर स्कूल निर्देशिका पूजा शर्मा, मुख्याध्याक सत्यवान शर्मा, मोनू रावल, रेखा भाटिया, रेनु रावल, स्वीटी, बीना, काजल, क्षमा, प्रियंका लाकडा, सादिका, शालू आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। नशे के विरूद्ध कार्यक्रम में भाग लेते हुए सत्यम पब्लिक स्कूल विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---

### धान का शीथ ब्लाइट से बचाव करें किसान

**पानीपत।** कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र में लाइफ साइंस की अग्रणी वैश्विक कंपनी बायर के भारत, बांग्लोदश एवं श्रीलंका में बायर के क्रॉप साइंस डिवीजन के क्लस्टर कॉमर्शियल लीड मोहन बाबू ने बताया कि फंगीसाइड फफूंदनाशक फेलुजीत लॉन्च की है। इसे धान के खेत में फसल के सभी हिस्सों को शीथ ब्लाइट से बचाने के लिए तैयार किया गया है। इस उत्पाद को जुलाई से देश के सभी प्रमुख धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा। भारत, बांग्लोदश एवं श्रीलंका में बायर के क्रॉप साइंस डिवीजन के क्लस्टर कॉमर्शियल लीड मोहन बाबू ने कहा कि फेलुजीत एक प्रभावी समाधान है। जिससे शीथ ब्लाइट को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। इससे किसानों के लिए पूरी प्रक्रिया सुगम हो जाएगी। फेलुजीत की असल खूबी इसके डुअल एक्शन फर्मूलेशन में छिपी है।

---

**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार पानीपत।**
**सुरेन्द्र जैन पुत्र श्री महेन्द्र जैन निवासी मकान नम्बर 974 सैक्टर-24 हुडा पानीपत**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि सुरेन्द्र जैन पुत्र श्री महेन्द्र जैन निवासी मकान नम्बर 974 सैक्टर-24 हुडा पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू अपनी जायदाद मौजा गददीवाडा बाबत इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि स्वर्गीय महेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री मोजी राम वासी पानीपत की दिनांक 04-08-2011 को मृत्यु हो चुकी है एवं महेन्द्र जैन की माता छन्नो देवी की भी मृत्यु हो चुकी है। जिनकी मृत्यु बाद उनके निम्न वारस हैं:- 1. सरोज जैन विधवा, 2. अनिल जैन पुत्र व 3. राजेश जैन पुत्र 4. आशा जैन पुत्री 5. सुरेन्द्र जैन पुत्र है। कुल 5 वारस हैं। अन्य कोई वारस नहीं है। हम वारसान की तसदीक पार्षद रजनी सुरेन्द्र गर्ग व पटवारी लेखराज की रिर्पोट दिनांक 07-07-2025 अनुसार हो चुकी है।

यह कि मृतक महेन्द्र कुमार जैन का उपरलिखित के इलावा, अन्य कोई वारिश/उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रत्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उतराधिकारी के बाबत कोई शक एंवम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोकत तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 8.7.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब, रजिस्ट्रार, पानीपत

